**प्रेस नोट दिनाँक 14.04.2025**
**थाना फरीदपुर जनपद बरेली**

**थाना फरीदपुर #bareillypolice द्वारा छिनैती की घटना कारित करने वाले 03 शातिर अभियुक्तो को गिरफ्तार, कब्जे से 01 छीना मोबाइल, 01 तमंचा मय 03 जिन्दा कारतूस 315 बोर, घटना में प्रयुक्त एक मोटर साईकिल बरामद।**

**सक्षिप्त विवरण –** दिनांक 08.04.2025 को आवेदक श्री जसवीर सिंह पुत्र श्री कृष्ण निवासी ग्रा0 बकैनिया पो0 नगरिया विक्रम थाना फरीदपुर, बरेली ने थाने पर लिखित सूचना दी कि वह एन0एस0 फिलिंग स्टेशन पहलऊ पट्टी भुता रोड इन्डियन आयल पेट्रोल पम्प पर सेल्समैन के रूप में कार्यरत है, दिनांक 07.04.2025 को रात्रि समय करीब 20.30 बजे वह पैट्रोल पम्प से अपने घर मोटर साईकिल से जा रहे थे। रास्ते में भूरे खाँ गौटिया तिराहे के पास मोटर साईकिल पर सवार तीन युवको द्वारा एक मोबाइल Realme c33 व 400 रूपये छीन लिये है। जिसके आधार पर थाना फरीदपुर पर मु0अ0सं0 276/2025 धारा 304(2) बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया था।

घटना के अनावरण के क्रम में थाना फरीदपुर पुलिस टीम द्वारा दिनांक 13.04.2025 को समय 23.58 बजे मुखबिर की सूचना पर अभि0गण 1.जीशान पुत्र चन्ने निवासी मो0 भूरे खाँ गौटिया कस्बा व थाना फरीदपुर जिला बरेली उम्र करीब 20 वर्ष 2. सोनू पुत्र कल्याण सिंह यादव निवासी मो0 शान्ति नगर कस्बा व थाना फरीदपुर जिला बरेली उम्र करीब 19 वर्ष 3. हसन पुत्र भूरे निवासी मो0 फर्ररखपुर कस्बा व थाना फरीदपुर जनपद बरेली मूल निवासी ग्राम मीरपुर थाना बीसलपुर जनपद पीलीभीत उम्र करीब 20 वर्ष को कंजर गौटिया नहर पटरी थाना फरीदपुर क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से एक तमंचा 315 बोर, 03 जिन्दा कारतूस 315, छीना गया एक मोबाइल फोन रियलमी, 400/- रुपये एवं घटना में प्रयुक्त मोटर साईकिल स्पलेण्डर बिना नम्बर प्लेट बरामद हुए। बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त मे धारा 317(2) बीएनएस व 3/25 आयुध अधि0 की वृद्धि की गयी। अभियुक्तो के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। गिरफ्तार अभियुक्तो के आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।

**बरामदगी का विवरणः**

1. एक तमंचा मय 03 जिन्दा कारतूस
2. एक मोबाइल फोन रियलमी
3. घटना में प्रयुक्त मोटर साईकिल बिना नम्बर प्लेट

**गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरणः**

1.जीशान पुत्र चन्ने निवासी मो0 भूरे खाँ गौटिया कस्बा व थाना फरीदपुर जिला बरेली उम्र करीब 20 वर्ष
2. सोनू पुत्र कल्याण सिंह यादव निवासी मो0 शान्ति नगर कस्बा व थाना फरीदपुर जिला बरेली उम्र करीब 19 वर्ष
3. हसन पुत्र भूरे निवासी मो0 फर्ररखपुर कस्बा व थाना फरीदपुर जनपद बरेली मूल निवासी ग्राम मीरपुर थाना बीसलपुर जनपद पीलीभीत उम्र करीब 20 वर्ष

**अभियोग का विवरण**

1.मु0अ0सं0 276/2025 धारा 304(2)/317(2) बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट थाना फरीदपुर, बरेली

**गिरफ्तार करने वाली टीम का नाम**

1. श्री हरेन्द्र सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना फरीदपुर, बरेली
2. उ0नि0 श्री वीरेन्द्र सिंह थाना फरीदपुर, बरेली
3. उ0नि0 श्री महेश पाल सिंह थाना फरीदपुर, बरेली
4. हे0का0 139 गौरव विश्नौई थाना फरीदपुर, बरेली
5. का0 2767 संदीप सिंह थाना फरीदपुर, बरेली
6. का0 327 मेघश्याम थाना फरीदपुर, बरेली
7. का0 3069 प्रांजय निर्वाल थाना फरीदपुर, बरेली